# प्रेस नोट थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर दिनांक 13.09.2023

## हत्या का अपराध कारित करने के आरोप में अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष पीपीगंज द्वारा मय टीम के थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 443/23 धारा 302,201 भा0द0सं0 से संबंधित अभियुक्त जितेन्द्र साहनी पुत्र सुभाष साहनी निवासी पण्डितपुर खजुरगावा थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-** थाना पीपीगंज क्षेत्रान्तर्गत जसवल सिसई घाट रोड के किनारे एक अज्ञात महिला का शव मिला था जिसकी शिनाख्त करते हुए प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना से यह बात प्रकाश में आयी कि मृतका का अभियुक्त जितेन्द्र साहनी उपरोक्त के साथ लगभग 1 वर्ष से प्रेम सम्बन्ध था। दिनांक 10.09.2023 को अभियुक्त जितेन्द्र उपरोक्त द्वारा मृतका को अपने घर पर बुलाकर उसकी हत्या कर दी गयी और अपने दोस्त की चारपहिया गाड़ी मांग कर मृतका के शव को सिसई घाट के पास जसवल रोड के किनारे फेंक दिया गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

जितेन्द्र साहनी पुत्र सुभाष साहनी निवासी पण्डितपुर खजुरगावा थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर

**बरामदगी-**

एक अदद चारपहिया वाहन

**गिरफ्तार करने वाली टीम –**

1. थानाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह थाना पीपीगंज जनपद
2. उ0नि0 रामदयाल गिरी थाना पीपीगंज जनपद
3. कां0 रमाशंकर तिवारी थाना पीपीगंज जनपद
4. कां0 रामनरायन शुक्ला थाना पीपीगंज जनपद
5. कां0 उमेश कुमार सिंह थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर